TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org


2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*


# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 25 मई

1. **एवरेस्ट फतेह का रिकॉर्ड–** 25 मई, 2013 को जापान के 80 वर्षीय युईशिरो मिउरा माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले दुनिया के सबसे उम्रदराज व्यक्ति बनने का रिकार्ड बनाया। वहीं 23 मई, 2014 को आंध्रप्रदेश की मलावथ पूर्णा (11 वर्ष, 11 माह) ने विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट पर आरोहण करने वाली प्रथम कम आयु की बालिका हैं।

2. **विश्व थॉयराइड दिवस–** विश्व थॉयराइड दिवस प्रतिवर्ष 25 मई को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य थॉयराइड के महत्व और रोग की रोकथाम व उपचार के बारे में जागरूक करना हैं पुरूषों के मुकाबले महिलाएं थॉयराइड का ज्यादा शिकार होती हैं। थॉयराइड तितली के आकार का एक ग्रंथि है जो गर्दन के निचले हिस्से में स्थित इंडोक्राइन ग्रंथि में होती है। थॉयराइड ग्रंथि शरीर में थॉयराइड उत्तेजक हार्मोन (टीएसएच) नामक हार्मोन बनाती है, उससे शरीर की एनर्जी, प्रोटीन उत्पादन और दूसरे हार्मोन्स के प्रति संवेदनशीलता नियंत्रित होती है। थॉयराइड हार्मोन की कमी से हाइपोथयरायडिज्म (अचानक वजन बढ़ना) और अधिकता से हाइपरथायरायडिज्म नामक बीमारी होती है।




Saturday


/teachersofbihar

*Madhu priya*

Teachers of Bihar
The change makers
दिवस विशेष
25 मई

मधु प्रिया

# विश्व थायराइड दिवस 25 मई




25 मई, 2019 को संपूर्ण विश्व में विश्व थायराइड दिवस मनाया जाता है। इस  दिवस को मनाने का खास उद्देश्य लोगो को जागरूक एवम थायराइड स्वास्थ के बारे में जागरूकता बढ़ाना, थायराइड रोगों के इलाज में समझ को बढ़ावा देना। थायराइड रोगों के प्रसार के बारे में जागरूकता पर बल देना।थायराइड के नए उपचार के तरीकों के बारे में जागरूकता का विस्तार करना, यह दिवस पहली बार वर्ष 2008 में अमेरिकन थायराइड एसोसिएशन  और यूरोपियन थायराइड एसोसिएशन  द्वारा मनाया गया था।थायरॉयड गले में एक तितली के आकार की ग्रंथि है जो टी3 (थायरोक्सिन) और टी 4 (ट्रायोडोथायरोनिन) का उत्पादन करती है और थायराइड-उत्तेजक हार्मोन (टीएसएच) द्वारा बनाए रखा जाता है। यह शरीर के चयापचय को नियंत्रित करता है ।और इसमें असामान्यताएं शरीर के सिस्टम को खराब कर सकती हैं।थायराइड हार्मोन में कमी से हाइपोथायरायडिज्म (अचानक वजन बढ़ना) होता है और थायराइड हार्मोन के बढ़ने से हाइपरथायरायडिज्म होता है। आहार में उचित आयोडीन स्तर बनाए रखने और कच्ची गोइट्रोजेनिक सब्जियों के उपयोग को सीमित करने से थायराइड रोगों से बचने में मदद मिलेगी।

# जयंती विशेष 25 मई

राकेश कुमार




**राास बिहारी बोस** Rash Bihari Bose, जन्म: 25 मई, 1886; मृत्यु: 21 जनवरी, 1945) प्रख्यात वकील और शिक्षाविद थे। रास बिहारी बोस प्रख्यात क्रांतिकारी तो थे ही, सर्वप्रथम आज़ाद हिन्द फ़ौज के निर्माता भी थे। देश के जिन क्रांतिकारियों ने स्वतंत्रता-प्राप्ति तथा स्वतंत्र सरकार का संघटन करने के लिए प्रयत्न किया, उनमें श्री रासबिहारी बोस का नाम प्रमुख है।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 25.05.2024

## R1,R2 और R3

**एनईपी 2020 स्कूलों में भाषा शिक्षण और सीखने के लिए तीन भाषाओं के फॉर्मूले की रूपरेखा तैयार करता है, जिसमें छात्रों को तीन भाषाएं सीखने की आवश्यकता होती है: आर 1 (शिक्षा का माध्यम और आमतौर पर मातृभाषा), आर 2 (अंग्रेजी सहित कोई भी अन्य भाषा), और आर 3 (दूसरी भाषा R1 या R2 नहीं)।**

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**कुतुबमीनार** का निर्माण
1193 में शुरू हुआ और 1368
में पूरा हुआ। इसे बनने में कुल
**175 साल लगे थे।**

# TOB बूझो तो जानें. .



410

ऐसी कौन सी चीज है, जो गोल है लेकिन गेंद नहीं है,काँच है पर दर्पण नहीं है, रौशनी देता है लेकिन सूरज नहीं है ... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 397

**आयर झील जिसे नमक का झील भी कहते हैं,किस महाद्वीप में स्थित हैं?**

A. एशिया

B. यूरोप

C. अफ्रीका

D. आस्ट्रेलिया



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: D



# खेल कॉर्नर





## ओलम्पिक से जुड़े प्रश्न भाग-4

**प्रश्न 20:** किस देश ने सबसे अधिक ओलंपिक पदक जीते हैं?

**उत्तर:** ओलंपिक में अब तक सबसे अधिक 2520 पदक संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा जीता गया है

**प्रश्न 21:** पहला ओलिंपिक खेल किस वर्ष आयोजित हुआ?


**उत्तर:** सन 1896 में।

**प्रश्न 22:** टोकियो में ओलम्पिक खेल का आयोजन किस वर्ष किया गया?

**उत्तर:** 1964 में।

**प्रश्न 23:** 1968 मे ओलिंपिक खेल का आयोजन कहाँ हुआ था?

**उत्तर:** मेक्सिको सिटी में।




भारत का 'गैरी सोबर्स', बेहतरीन फील्डिंग, गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी से भी टीम को जीत दिलाने वाले

# रुसी सुरती

के जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 25 मई 1936

मृत्यु- 13 जनवरी 2013

Madhu priya

/teachersofbihar

TEACHERS OF BIHAR

THE CHANGE MAKERS

प्रख्यात वकील और शिक्षाविद,
सर्वप्रथम आजाद  हिन्द  फौज के
निर्माता

# रास बिहारी बोस

के जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 25 मई  1886 - मृत्यु- 21 जनवरी 1945

Madhu priya





TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
25 मई
विश्व थायराइड दिवस
विश्व थायराइड दिवस मनाने का मुख्यउद्देश्य थायराइड के महत्व और रोग की रोकथाम व उपचार के बारे में जागरूक करना है।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


अंतर्राष्ट्रीय गुमशुदा बाल दिवस
25 मई
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
पूरी दुनिया में लापता बच्चों की याद में "अंतर्राष्ट्रीय गुमशुदा बाल "दिवस मनाया जाता है।
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

25 मई 2024


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

प्रश्न को अच्छे से समझ लेना ही आधा उत्तर है।

सुकरात



राकेश कुमार